प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि विधायक क्षेत्र विकास निधि की एक करोड़ 10 लाख रुपए की शेष दो किस्तें 31 मार्च से पहले जारी कर दी जाएंगी। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के आज तीसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान इस मुद्दे पर विपक्ष द्वारा किए गए हंगामे के बाद उन्होंने कहा कि सरकार विधायक ऐच्छिक निधि जारी करने पर भी विचार करेगी। इससे पूर्व, विधायक प्रकाश राणा के मूल प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में विधायक क्षेत्र विकास निधि जारी करने पर विपक्ष के नेताओं से जल्द ही चर्चा की जाएगी। उन्होंने विधायक प्रकाश राणा द्वारा विधायक क्षेत्र विकास निधि की अधिकांश राशि महिला मंडलों को जारी किए जाने पर आपत्ति जताई और कहा कि नियमों के तहत कुल राशि का केवल 10 फीसदी हिस्सा ही महिला मंडलों को जारी किया जा सकता है। इसके विपरीत प्रकाश राणा ने 5 सौ 43 महिला मंडलों को विधायक क्षेत्र विकास निधि बांट दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला मंडलों को यह राशि दी जा सकती है, लेकिन एक सीमा से अधिक नहीं। उन्होंने सलाह दी कि विधायक अपनी विधायक निधि को पूंजीगत कार्यों पर भी खर्च करे ताकि प्रदेश की जीएसडीपी में भी वृद्धि हो।

शून्य काल

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा मंदिर ट्रस्ट के पैसों को सिविल वर्क पर खर्च करने के लिए लगाई गई रोक पर सरकार जल्द अदालत में रिव्यू पिटीशन दायर करेगी। आज विधानसभा में शून्य काल में विधायक रणधीर शर्मा द्वारा श्री नैना देवी विधानसभा क्षेत्र में अस्पताल के निर्माण कार्य में बजट की कमी को लेकर उठाए गए मामले के जवाब में उन्होंने ये बात कही। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वह अभी अस्पताल के निर्माण के लिए मंदिर ट्रस्ट से सिविल वर्क के लिए पैसे नहीं दे सकते। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि अस्पताल का निर्माण जनहित से जुड़ा मामला है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि वह अस्पताल के निर्माण के लिए जल्द पैसा देंगे। शून्य काल में विधायक अनुराधा राणा ने लाहौल स्पिति विधानसभा क्षेत्र में कंडी–कटौला सडक पर बार बार हो रहे लैंडस्लाइड का मामला उठाया। इस पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कंडी–कटौला और पंडोह–चैलचौक के स्तरोन्नयन कार्य को विश्व बैंक के प्रोजेक्ट में डाला है और सारी औपचारिकताओं को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पैसा मिलते ही इन सड़कों को 12 महीने कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा।

विधायक डॉ. जनक राज ने पांगी घाटी में केंद्र सरकार की बिजली की आरडीएसएस स्कीम पर चल रहे काम में वन और बिजली विभाग की खींचतान के कारण कार्य पूरा होने में देरी पर सरकार से संज्ञान लेने की मांग की। शून्य काल में विधायक हरदीप सिंह बावा ने नालागढ़ क्षेत्र में लगाए गए एपीआई यूनिट का मामला उठाते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पर्यावरण विभाग से इस पर संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही करने की मांग की। विधायक त्रिलोक जम्वाल ने सीबीएसई स्कूलों में भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा की शर्त में छूट दिए जाने की मांग करते हुए कहा कि स्कूलों में अंग्रेजी और गणित विषय के अध्यापकों को रखा जाना है। इसके लिए आयु सीमा 25 से 45 रखी गई है।

राज्यसभा चुनाव तारीख

चुनाव आयोग ने राज्यसभा चुनाव 2026 की तारीखों का ऐलान कर दिया है। चुनाव आयोग ने आज दस राज्यों की राज्यसभा की 37 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। राज्यसभा की ये सीटें अप्रैल 2026 में खाली होने वाली हैं। हिमाचल में भी एक सीट के लिए चुनाव होने हैं। प्रदेश से राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का 9 अप्रैल को कार्यकाल पूरा हो रहा है। इसके लिए 26 फरवरी को अधिसूचना जारी होगी और 5 मार्च तक नामांकन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 6 मार्च को नामांकन पत्रों की

छंटनी होगी जबकि 9 मार्च तक नाम वापिस लिए जा सकेंगे। इस चुनाव के लिए 16 मार्च को वोट डाले जाएंगे और इसी दिन मतगणना भी होगी। 20 मार्च से पहले चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी।

बागवानी मिशन

वित्त वर्ष 2026–27 के लिए एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत ऊना जिला में 4 करोड़ 57 लाख रूपए की धनराशि खर्च की जाएगी।

———————————————————————————————————